तृतिया सस्करण ५०००

मूल्य ५-०० रुपये

पुस्तक मिलने के पते :-

पन्नालाल बच्छराज खटेड
लाडनूवाला चरिटेबल ट्रस्ट
श्यामगज, बरेली-२४३००५
उत्तर प्रदेश

जैन ब्रादर्स
४२, श्यामगज
(इलाहाबाद बैंक)
बरेली-२४३००५

बच्छराज नौरतनमल
४२, श्यामगज बरेली

आसाम कमर्शियल कम्पनी
७, बरुवा मार्केट, फैन्सी बाजार
गोहाटी-७८१००१

मे प्रकाशित किया जाता है। स्वर्गीय स्वामीजी श्री श्री १०८ श्री सूरजमलजी महाराज तेरापंथी साधु सम्प्रदाय के एक उदीयमान, विद्वान मुनिराज थे। सिर्फ ३० वर्ष की उम्रमे ही आप गत श्रावण शुक्ल ५ के दिन स्वर्गधाम पधार गये। आपने बम्बई प्रान्त मे विचरते हुए बहुत से भव्य जीवों को अपनी अपूर्व व्याख्यान शैली से प्रतिबोध दिया। सुज्ञ पाठक इसे विशेष ध्यान पूर्वक पढ़ें और मनन करें —यही निवेदन है।

प्रकाशक

साधु-धर्म

विश्वव्यापी दृष्टि से देखते हुए भी 'तेरापंथ' अर्थात 'तुम्हारा पंथ' यह जो नाम दिया गया है, वह योग्य और फबता हुआ होने से हर प्रकार से वाजबी है ।

पंच महाव्रत

ऊपर लिखे हुए पांच महाव्रत कौन-कौन से हैं? वे इस प्रकार हैं—हिंसा, झूठ, चोरी, मैथुन, और परिग्रह ।

इन पांचों का जो त्याग करता है, उसको पांच महाव्रत धारण करनेवाला कहा जाता है ।

पहिला महाव्रत

अहिंसा परमोधर्मः जैन साधु को हिंसा का त्याग सब प्रकार से अर्थात् तीन "करण" और तीन "योग" (नवकोटि) से यावज्जीवन होता है ।

प्रश्न—नवकोटि के पच्चक्खाण (त्याग) किस रीति से होते हैं?

उत्तर—खुद करे नहीं दूसरे के पास करावे नहीं और करते हुए का अनुमोदन न करे और न उसको ठीक समझे, ये तीन नाम 'करण' के हैं ।

मन वचन और काया, इन तीनों का नाम योग है । एक-एक योग के ऊपर तीन-तीन करण गिनने से नवकोटि के तम पच्चक्खाण नीचे माफिक होते है—

प्रश्न—जीव कितने प्रकार के होते हैं ?

उत्तर—छः प्रकार के, उनके नाम—१ पृथ्वीकाय, २ अप्पकाय, ३ तेऊकाय, ४ वायुकाय, ५ वनस्पतिकाय और ६ त्रसकाय हैं।

प्रश्न—पृथ्वीकाय किसको कहते हैं ?

उत्तर—जमीन से खोदी हुई मिट्टी, हीरा, माणिक, रत्न, गेरू, गोपी चन्दन, मुरद हींगलू, हडताल वगैरह को पृथ्वीकाय कहते हैं।

प्रश्न—अप्पकाय किसको कहते हैं ?

उत्तर—कूँवा, तालाव, वापी वगैरह का पानी।

प्रश्न—तेऊकाय जीव कौन से हैं ?

उत्तर—अग्नि, देवता वगैरह।

प्रश्न—वायुकाय जीव कौन से कहलाते हैं ?

उत्तर—हवा।

प्रश्न—वनस्पतिकाय जीव कौन से होते हैं ?

उत्तर—झाड़, पान, फूल, हरे शाकादि।

प्रश्न—त्रसकाय जीव कौन से हैं ?

उत्तर—कीडा, मक्खी, मच्छर, गाय, भैंस, पशु-पक्षी, तथा स्त्री-पुरुष वगैरह चलते-फिरते समस्त जीव।

*इन्द्रिय (organs या senses) के हिसाब से इन छः काय जीवों को पांच भागों मे विभक्त किया गया है। जैसे—एकेन्द्रिय, बेइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पचेन्द्रिय।

---

* सम्पादक की ओर से

सब प्रकार से होते हैं। जिस दिन से यह छः प्रकार के जीवों की हिंसा नहीं करने के प्रत्याख्यान लेता है, तब से वह अनगारी होता है अर्थात् सब जीवों को अपने समान समझ कर उनको सब प्रकार के कार्यों से निवृत्त होता है। 'सूयगडांग' सूत्र में भी कहा है— साधु छः काय जीवों के लिए पिता की तरह है और छः प्रकार के जीव उसके पुत्र के समान हैं।

प्रश्न—एकेन्द्रिय आदि अनन्त जीवों के बलिदान से अगर पञ्चेन्द्रिय जीवों को, आराम होता हो तो क्या साधु-धर्म पुण्य की स्थापना कर सकता है या नहीं।

उत्तर—छः कायों में से यदि एक काय की भी हिंसा होती हो तो उस कार्य के लिए साधु को आदेश अथवा उपदेश नहीं देना चाहिये क्योंकि वह छः काय जीवों के पिता तुल्य है, और छः काय जीव उसके पुत्र के समान हैं, और साधारण रीति से जो पिता पितृ-धर्म का पालन करता हो, वह इस प्रकार का उपदेश कभी नहीं कर सकता कि बड़े लड़के की रक्षा के लिये छोटे लड़के के भक्षण किये जाने के काम में धर्म या पुण्य होता है। इसलिये शुद्ध आचार विचार वाले जैन साधु को इस प्रकार का उपदेश करना शोभा ही नहीं देता।

प्रश्न—यदि कोई ऐसा कहे कि एकेन्द्रिय की अपेक्षा पञ्चेन्द्रिय की पुण्याई अनन्त गुणी अधिक है, तो फिर जिस कार्य में पञ्चेन्द्रिय के पोषण के लिये एकेन्द्रिय की हिंसा होती हो तो उस कार्य में साधु धर्म-पुण्य कहे, तो उसमें क्या बाधा ?

[illegible]

[illegible] जीव उसके पुत्र के समान है।

प्रश्न—[illegible] जीवों के [illegible] एकेन्द्रिय जीवों का, आरम्भ होता हो [illegible] पुण्य की स्थापना कर सकता है या नहीं।

उत्तर—छः कायों में यदि एक काय की भी हिंसा होती हो तो उस कार्य के लिए साधु को आदेश अथवा उपदेश नहीं देना चाहिये क्योंकि वह छः काय जीवों के पिता तुल्य है, और छः काय जीव उसके पुत्र के समान हैं, और साधारण रीति से जो पिता पितृ व धर्म का पालन करता हो, वह इस प्रकार का उपदेश कभी नहीं कर सकता कि बड़े लड़के की रक्षा के लिये छोटे लड़के के भक्षण किये जाने के काम में धर्म या पुण्य होता है। इसलिये शुद्ध आचार विचार वाले जैन साधु को इस प्रकार का उपदेश करना शोभा ही नहीं देता।

प्रश्न— यदि कोई ऐसा कहे कि एकेन्द्रिय की अपेक्षा पचेन्द्रिय की पुण्याई अनंत गुणी अधिक है, तो फिर जिस कायमे पचेन्द्रिय के पोषण के लिये एकेन्द्रिय की हिंसा होती हो तो उस कार्य मे साधु धर्म-प्ररूपण करे, तो उसमें क्या बाधा ?

हिसाब से इन्द्रियों में अन्तर होता है, जिस से पुण्याई के हिसाब से एकेन्द्रिय गरीब और पचेन्द्रिय भाग्यवान् होते हैं, परन्तु साधु को तो उसी धर्म का प्ररूपण करना चाहिये जो गरीब और भाग्यवान् के पक्षपात से रहित है, क्योंकि वह तो छः प्रकार के जीवों के पिता समान है, और यदि वही पिता तुल्य होकर ऐसी बात कहे कि जिससे बड़े लड़के पचेन्द्रिय जीवों की रक्षा के लिये छोटे लड़कों के तुल्य अनन्त एकेन्द्रिय जीवोंका नाश होता हो अर्थात् जो उन कार्यों मे धर्म-पुण्य की प्ररूपणा करता हो वह छः काय जीवों का पिता नहीं कहलावेगा, परन्तु अपने पितापन के कर्तव्य से च्युत हुआ कहा जायगा।

[illegible] साधु का नाम छः काय के जीवों का प्रतिपालक है तो फिर एकेन्द्रिय को मार कर पंचेन्द्रिय को पोषण करने में पुण्य है, ऐसी प्ररूपणा करने से, छः काय जीव के प्रतिपालन का जो दावा किया जाता है वह गलत हो जाता है। फिर तो उनका नाम सिर्फ पंचेन्द्रिय प्रतिपालक, ऐसा कहना चाहिये। और छः कायके प्रतिपालक का जो दावा है, वह कायम नहीं रह जाता। यदि उनको छः काय प्रतिपालक का दावा सच्चा रखना हो तो किसी भी [illegible] (जिसमें जीव-हिंसा होती हुई है) कार्य में पुण्य होता है [illegible] प्ररूपणा नहीं करनी चाहिए। इसी लिए भगवान ने साधु [illegible] नहीं कोई [illegible] प्ररूपणा करने का आदेश [illegible]

वह उसे मौन कर लेना चाहिये, क्योंकि यदि वह ऐसा कहे कि मैंने हरिण को नहीं देखा तो उसके दूसरे महाव्रत का भंग होता है और यदि वह यह कहे कि उसने हरिण को देखा है तो शिकारी हरिण को मारने के लिये जायगा जिससे साधु का पहला महाव्रत भंग होगा पर, मौन रहने से किसी भी महाव्रत का विरोभाग नहीं होगा। शास्त्र—आचारांग सूत्र अध्ययन १२, गाथा ८ दशवैकालिक सूत्र के छट्ठे अध्ययन की गाथा १२ में भी ऐसा कहा हुआ है कि साधु को अपने लिये या दूसरे के लिये झूठ बोलना नहीं कल्पता। यह गाथा नीचे लिखत है।

अप्पणट्ठा परट्ठा वा, कोहा वा जइ वा भया।
हिंसगं न मुस बूया, नो वि अन्न वयावए ॥

तो फिर हरिण के लिये झूठ कैसे बोला जा सकता है ?

तीसरा महाव्रत

तीसरे महाव्रत में साधु को चोरी करने के पच्चक्खाण (त्याग) ऊपर की तरह ही नौ कोटि के ही समझना चाहिये।

प्रश्न—चोरी कितने प्रकार की है ?

उत्तर—दो प्रकार की— सचित और अचित वस्तु की।

प्रश्न—सचित का अभिप्राय क्या होता है ?

उत्तर—सचित अर्थात जीव सहित।

प्रश्न—अचित का अर्थ क्या है ?

उत्तर—निर्जीव। अचित में आहार, जल, वस्त्र, पात्र, पुस्तक

[illegible]

और तीसरा महाव्रत भंग होता है।

चौथा महाव्रत

चौथे महाव्रत में साधु को ऊपर मुजब नौ कोटि से कुशील अब्रह्मचर्य के पच्चक्खाण समझने चाहिये।

प्रश्न—कुशील कितने प्रकार का है?

उत्तर—तीन प्रकार का—(१) देवता-देवाङ्गना सम्बन्धी, (२) स्त्री-पुरुष सम्बन्धी, (३) तीर्य्यंच-तिर्य्यंचनी सम्बन्धी। इन तीनों प्रकार के कुशील सेवन करने का साधु को सब प्रकार से त्याग होता है।

प्रश्न—ब्रह्मचारी साधु अकेली स्त्री अथवा अकेली साध्वी से बात कर सकता है कि नहीं?

प्रश्न—साधु के लिये वस्त्र, पुस्तक, पात्र रखने की शास्त्र मर्यादा क्या है जिससे उनको धन परिग्रह का पाप नहीं लगे और साधु का महाव्रत कुशल (निर्विघ्न) रहे ?

उत्तर—व्यवहार सूत्र के दूसरे उद्देशक मे कहा है और आचारांग सूत्र मे भी कहा है कि एक साधु को तीन पछेवड़ी (वस्त्र) और तीन पात्र रखने कल्पते हैं। शास्त्र की इस मर्यादा मुजब अगर ये रखें तो साधु को धन-परिग्रह का पाप नहीं लगता और लिये हुये महाव्रत टूटने के बदले कुशल रहे, क्योंकि इतनी चीजें बताए प्रमाण मे रख सकने की जिन भगवान् की आज्ञा है। परन्तु आज्ञा उल्लंघन कर परिमाण से अधिक ये चीजें रखने मे आवें तो महाव्रत टूटता है और साधु परिग्रह-धारी बनता है।

प्रश्न—वस्त्र, पुस्तक, पात्र वगैरह अच्छे हों और पीछे मन माफिक मिलने की उम्मीद न हो तो उस हालत मे कपाट भर (याच) कर रख धरने मे क्या बाधा आती है ?

उत्तर—शास्त्रोक्त मर्यादा को छोड अधिक रखने से जिन आज्ञा की चोरी लगती है और उससे तीसरा महाव्रत टूटता है और दूसरे धन-परिग्रह लगता है, क्योंकि मर्यादा उपरान्त जो वस्त्र, पुस्तक, पात्र इत्यादि रखता है वह परिग्रह-धारी कहलाता है जिससे पाँचवाँ महाव्रत टूटता है। अगर ऊपर बताये मुजब वस्तुए कपाट पिटारे भर करके रखी जांय तो प्रतिदिन उनका प्रडिलेहन (निरीक्षण) नहीं हो सकता और प्रडिलेहन किये बिना यदि साधु थोड़े भी वस्त्र, अथवा पात्र वगैरह रखता है तो उसके लिये

[illegible]

( ) [illegible]

[illegible] या नहीं ?

[illegible] दूसरे करण से [illegible] लगता है।

प्रश्न—साधु के उपदेश बिना ही किसी गृहस्थ ने अपनी मर्जी से उनके लिये मकान बनाया हो या बिकता हुआ मोल लिया हो तो उसमें रहना साधु को कल्पता है या नहीं ?

उत्तर—साधु के लिये किसी गृहस्थ ने उपाश्रय बनाया हो या बिकता हुआ मोल लिया हो या किराये पर रखा हो या इस तरह स्थापित रखा हो कि यह मकान हमेशा मुनि महाराजों के लिये ही है और उसको किसी दूसरे काम में नहीं लाया जायगा तो, इस प्रकार के स्थानक, मकान, अथवा उपाश्रय में साधु को उतरना नहीं कल्पता। और अगर कोई उतरे तो उसके पांच महाव्रतों में से वस्तु-परिग्रह नाम का व्रत तीसरे करण से टूटता है. क्योंकि

यह कह दे कि उसको आज दाल और रोटी—इन दोनों द्रव्यों के सिवा भोजन करने का पचक्खाण है तो वे बादाम का हलुआ (सीरा) और बरफी बनावें ही नहीं कारण कि घरका माल मुफ्त मे कौन गँवाता है ? उसी प्रकार यदि साधु पहले ही कह दे 'मेरे लिये उपाश्रय नहीं बनावोगे कारण कि वह मुझको नहीं कल्पता और यदि ऐसा होने पर भी बनवाओगे तो अपने घर का धन गुमावोगे तथा दुर्गति का खाता बांधोगे। इस प्रकार यदि साधु खुले आम कह देवे तो फिर कोई भी श्रावक अपनी गाठ का धन देकर पाप की गठरी मोल नहीं ले। परन्तु साधु तो अल्प पाप और बहुत निर्जरा दिखा कर गाम-गाव मे स्थानक उपाश्रय का उपदेश कर उतारा करवाते है। इस प्रकार करने से वे एक घर की ममता छोड कर अनेक घरों की ममता अपने पल्ले लगाते है। इस कारण से साधु को भी अपना स्थायी स्थानक या उपाश्रय नहीं रखना चाहिये। समय पर बाजार, हवेली, बगला आदि जहाँ कहीं भी सुविधा प्राप्त हो जाय वहीं अप्रतिबन्ध रूप से रह जाना चाहिये; परन्तु साधु को एक ही मकान मे उतरने का प्रतिबन्ध नहीं रखना चाहिये – यदि वह प्रतिबध रखता है तो वस्तु-परिग्रह का पाप लगता है और पाँचवाँ महाव्रत विलीन होता है।

७—द्विपद परिग्रह—साधु को तन, मन और वचन से दास दासी, नौकर चाकर नहीं रखने चाहिये, दूसरों से रखवाना भी नहीं चाहिये और कोई रखता हो तो उसका अनुमोदन भी नहीं करना चाहिये।

[illegible]

[illegible] है। [illegible]

ने अपने [illegible] गीतार्थों [illegible]

साधु भी को पत्र व्यवहार करते [illegible] तो ऐसे नहीं होते हैं, [illegible]

चिन्ता नहीं करनी होगी कारण [illegible] को भी [illegible]

करने की चिन्ता है ही नहीं। इसके [illegible] की जो चिन्ता होती
है वह तो गृहस्थों को ही होती है। गृहस्थ का काम यदि पांच पचों
से चलता हो तो पत्र-व्यवहार करने वाले साधु को पचास पत्र तो
भेजने ही चाहिएँ, क्योंकि गृहस्थ को तो अमुक घरकी ही संभाल
रखनी होती है, परन्तु पत्र व्यवहार करने वाले गच्छाधिपति साधु
महाराजों को तो बहुत से स्थानों की संभाल रखनी होती है। उदा-
हरण के तौर पर अमुक श्रावक का कागज नहीं आया, बीमार थे
सो अब किस तरह है, किस तरह नहीं, इसलिये एक पत्र लिखो,
अमुक श्रावक जी आने वाले थे, वे क्यों नहीं आये, इसलिये एक पत्र
उनको लिखो; अमुक लेख छपने, प्रकाशित होनेको था वह अभी तक
क्यों नहीं छपा ? इस वास्ते एक कागज वहाँ लिखो, अमुक लहिया
(लिखने वाला) को सूत्र लिखने का कहा था, वह अभी तक
क्यों नहीं लिखा गया, एक पत्र वहाँ लिखो, अमुक पुस्तक लिखानी
थी, किन्तु अभी तक रुपयों का प्रबन्ध नहीं हुआ, अत एक पत्र
अमुक सेठ के वहाँ लिखो। इत्यादि अनेक स्थान मे पत्र लिखने
का धन्धा पत्र-व्यवहार करने वाले साधु को बड़े पैमाने मे हर रोज
चालू रहता है और उसके लिये गृहस्थ द्वारा ऊपर कहे मुजब काम

प्रश्न—साधु के लिये वस्त्र, पुस्तक, पात्र रखने की शास्त्र मर्यादा क्या है जिससे उनको धन परिग्रह का पाप नहीं लगे और साधु का महाव्रत कुशल (निर्विघ्न) रहे ?

उत्तर—व्यवहार सूत्र के दूसरे उद्देशक मे कहा है और आचारांग सूत्र मे भी कहा है कि एक साधु को तीन पछेवड़ी (वस्त्र) और तीन पात्र रखने कल्पते हैं। शास्त्र की इस मर्यादा मुजब अगर ये रखें तो साधु को धन-परिग्रह का पाप नहीं लगता और लिये हुये महाव्रत टूटने के बदले कुशल रहे, क्योंकि इतनी चीजें बताए प्रमाण मे रख सकने की जिन भगवान् की आज्ञा है। परन्तु आज्ञा उल्लंघन कर परिमाण से अधिक ये चीजें रखने मे आवें तो महाव्रत टूटता है और साधु परिग्रह-धारी बनता है।

प्रश्न—वस्त्र, पुस्तक, पात्र वगैरह अच्छे हों और पीछे मन माफिक मिलने की उम्मीद न हो तो उस हालत मे कपाट भर (याच) कर रख धरने मे क्या बाधा आती है ?

उत्तर—शास्त्रोक्त मर्यादा को छोड अधिक रखने से जिन आज्ञा की चोरी लगती है और उससे तीसरा महाव्रत टूटता है और दूसरे धन-परिग्रह लगता है, क्योकि मर्यादा उपरान्त जो वस्त्र, पुस्तक, पात्र इत्यादि रखता है वह परिग्रह-धारी कहलाता है जिससे पाँचवाँ महाव्रत टूटता है। अगर ऊपर बताये मुजब वस्तुए कपाट पिटारे भर करके रखी जांय तो प्रतिदिन उनका प्रडिलेहन (निरीक्षण) नहीं हो सकता और प्रडिलेहन किये बिना यदि साधु थोड़े भी वस्त्र, अथवा पात्र वगैरह रखता है तो उसके लिये

[illegible]

[illegible] है या नहीं ?

[illegible] दूसरे करण से [illegible] टूटता है।

प्रश्न—साधु के उपदेश बिना ही किसी गृहस्थ ने अपनी मर्जी से उनके लिये मकान बनाया हो या बिकता हुआ मोल लिया हो तो उसमें रहना साधु को कल्पता है या नहीं ?

उत्तर—साधु के लिये किसी गृहस्थ ने उपाश्रय बनाया हो या बिकता हुआ मोल लिया हो या किराये पर रखा हो या इस तरह स्थापित रखा हो कि यह मकान हमेशा मुनि महाराजों के लिये ही है और इसको किसी दूसरे काम में नहीं लाया जायगा तो इस प्रकार के स्थानक, मकान, अथवा उपाश्रय में साधु को उतरना नहीं कल्पता। और अगर कोई उतरे तो उसके पांच महाव्रतों में से वस्तु-परिग्रह नाम का व्रत तीसरे करण से टूटता है. क्योंकि

यह कह दे कि उसको आज दाल और रोटी—इन दोनों द्रव्यों के सिवा भोजन करने का पचक्खाण है तो वे बादाम का हलुआ (सीरा) और वरफी बनावें ही नहीं कारण कि घरका माल मुफ्त मे कौन गंवाता है ? उसी प्रकार यदि साधु पहले ही कह दे 'मेरे लिये उपाश्रय नहीं बनावोगे कारण कि वह मुझको नहीं कल्पता और यदि ऐसा होने पर भी बनवाओगे तो अपने घर का धन गुमाओगे तथा दुर्गति का खाता बांधोगे। इस प्रकार यदि साधु खुले आम कह देवे तो फिर कोई भी श्रावक अपनी गाठ का धन देकर पाप की गठरी मोल नहीं ले। परन्तु साधु तो अल्प पाप और बहुत निर्जरा दिखा कर गांव-गांव मे स्थानक उपाश्रय का उपदेश कर उतारा करवाते हैं। इस प्रकार करने से वे एक घर की ममता छोड कर अनेक घरों की ममता अपने पल्ले लगाते हैं। इस कारण से साधु को भी अपना स्थायी स्थानक या उपाश्रय नहीं रखना चाहिये। समय पर बाजार, हवेली, बगला आदि जहाँ कहीं भी सुविधा प्राप्त हो जाय वहीं अप्रतिबन्ध रूप से रह जाना चाहिये, परन्तु साधु को एक ही मकान मे उतरने का प्रतिबन्ध नहीं रखना चाहिये – यदि वह प्रतिबन्ध रखता है तो वस्तु-परिग्रह का पाप लगता है और पांचवां महाव्रत विलीन होता है।

७—द्विपद परिग्रह—साधु को तन, मन और वचन से दास दासी, नौकर चाकर नहीं रखने चाहिये, दूसरों से रखवाना भी नहीं चाहिये और कोई रखता हो तो उसका अनुमोदन भी नहीं करना चाहिये।

नहीं रखवाना चाहिये और जो रखा जाय उसके पास पढे तो द्विपद परिग्रह का पाप लगता है। ऐसा करने से पंडित के वेतन का इन्तजाम भी करना पडता है। इस हिसाब से दूसरे के पास परिग्रह रखवाना पड़ता है जिससे दूसरे करण से पाँचवाँ महाव्रत भंग होता है।

(८)—चौपद परिग्रह अर्थात् गाय, भैंस, घोडा, हाथी, बकरा इत्यादि न तो साधु खुद रखे, न रखावे और न रखते हुए का अनुमोदन करे मन, वचन, और काया से।

प्रश्न—साधु गृहस्थ को यह कहे या नहीं कि तुम्हे इतनी गायें और भैंसे तो रखनी ही चाहिये ?

उत्तर—गाय, भैंस चौपद-परिग्रह में है। उनको साधु स्वयं रखना छोड कर दूसरों को रखने का उपदेश करे तो, दूसरे करण से 'चौपद परिग्रह' का पाप लगता है और पाँचवाँ महाव्रत तिरोभाव को प्राप्त होता है।

प्रश्न—कितनेक लोग ऐसा कहते हैं कि आनन्द-श्रावक ने चालीस हजार गायें रखी थीं और वीर-प्रभु ने रखवाई थीं तो, उनका महाव्रत क्यों नहीं टूटा ?

उत्तर—आनन्द-श्रावक ने चालीस-हजार गायें अपनी इच्छा से रखी थीं, पर महावीर स्वामी ने उनको रखने के लिये नहीं कहा था और यदि महावीर स्वामी ने ही रखवाई होती तो आनन्द-श्रावक को उन्होंने ऐसा कहा होता कि हे आनन्द ! तू चालीस हजार की मर्य्यादा क्यों करता है ? ज्यादा रखेगा, तो ज्यादा पुण्य होगा।

की वृद्धि करने में आता तो भी में फर्क मिलता है। परन्तु ...
आज्ञा का भंग हो तो, वह करनी लेखे में नहीं आती। और जो
भगवान की आज्ञा को लोप कर, पोताना महाजन का मोड़ कर चश्मा
लगाने में जो कोई व्यक्ति ज्ञान-ध्यान की वृद्धि समझता हो तो,
उसके अनुसार अगर किसी साधु के कान में जख्म हो गया हो
और उसके कान में बहरापन बढ़ कर कम सुनाई देता हो तो
उसके व्याख्यान देनेमे तथा प्रश्नोत्तर करने में अधिक अड़चन
मालूम पड़ती देखे तो, उस समय ज्ञान-ध्यान की वृद्धि का लाभ
लेने के लिये अगर उसके कान में बटरी चढ़ाई जाय तो फिर क्या
बाधा ? और अगर मुंह के दांत गिर जाने पर दांतों की बत्तीसी
चढ़ाई जाय तो क्या बाधा ? दांत का चौगट बैठा देने में स्पष्ट
उच्चारण करने की सुविधा हो जाती है और लोग सुविधापूर्वक
यानी आसानी से धर्म-उपदेश समझने का लाभ उठा सकते हैं।
यह भी तो ज्ञान-ध्यान की वृद्धि के लिये ही है। और फिर अगर
किसी साधु के पैर में जख्म हो गया हो तो ज्ञान-ध्यान की वृद्धि
के लिये अगर वह रेल-गाड़ी में ही विहार करे तो क्या बाधा ?
क्योंकि, ग्राम-ग्राम फिरने से बहुत से श्रावकों को उपदेश मिलेगा।
यह भी तो ज्ञान-ध्यान की वृद्धि के लिये ही है।

अब विचार कीजिए कि जो ज्ञान-ध्यान की वृद्धि के लिये
चश्मा चढ़ाया जाय तो फिर कान से सुनने के लिये बैटरी रखे,
स्पष्ट उच्चारण करने के लिये दांत बँधावे या दांत का चौखट लगावे
और ग्राम-ग्राम में उपकार करने के लिये पग में जख्म होने से

झूठ बोलना है, क्योंकि चोरी में भी तो [illegible] की चोरी हुई है
इस हिसाब से दूसरा व्रत भी समाप्त हो जाता है। [illegible]
की प्रभु-आज्ञा नहीं है। इस हिसाब से आज्ञा की चोरी हुई और
तीसरा महाव्रत भी समाप्त हुआ। अब चौथे व्रत की बात रही।
कुशील दो प्रकार का है—एक तो स्त्री-पुरुष के भोग-सम्बन्धी
और दूसरा आचरण-सम्बन्धी कुशील। आरम्भ और परिग्रह के
कार्यों में आदेश और उपदेश द्वारा भाग लेने से आचार विषयक
कुशील है। इस कारण से चौथा महाव्रत भी टूट जाता है, क्योंकि
परिग्रह एकत्रित करने में आचार की कुशीलता हुई, और जो परिग्रह
के फण्ड के लिये उपदेश करते हैं, उसमें पाँचवाँ महाव्रत प्रारम्भ में
ही टूट जाता है। इस प्रकार एक महाव्रत के टूटने से पाँचों ही
टूट जाते हैं। साधु कभी भी चार महाव्रतधारी या तीन व्रत-धारी
नहीं कहलाते। इस रीति से हरएक महाव्रत पर विचार करना
चाहिये कि एक महाव्रत के टूटने से पाँचों के पाँचों ही एक
साथ टूट जाते हैं। जिस प्रकार मोती की माला में से एक मोती
टूट पड़ने पर सारे-के-सारे मोती नीचे गिर पड़ते हैं, ठीक उसी
प्रकार महाव्रत का हिसाब समझना चाहिये।

आठ प्रवचन माताएँ

ऊपर बताये अनुसार पाँच महाव्रत के पालन करनेवाले साधु
को आठ प्रवचन माता के बोलों को पूरी तरह से पालन करना

भाषा समिति

प्रश्न—भाषा समिति का क्या अर्थ ?

उत्तर—भाषा समिति का यह अर्थ है कि साधु को निरवद्य सत्य भाषा बोलनी चाहिए, सावद्य (पापयुक्त) भाषा नहीं बोलनी चाहिए, इतना ही नहीं, परन्तु सत्य होते हुए भी यदि वह सावद्य (पापयुक्त) हो तो वह भी नहीं बोलनी चाहिए। कहा है:—

भाषा विचारीने निरवद्य बोलिये रे, कर्कश कठोर भूल मत बोल रे।
सावद्य भाषा मति बोले सर्वथा रे, मीठो बोल तो पहिलो तोल रे॥
श्री जिन गणधर गौतम ने कहे।

प्रश्न—सावद्य भाषा किसको कहना चाहिये।

उत्तर—जिस वाक्य को बोलने में पाप लगे, वैसी भाषा नहीं बोलनी चाहिये। उदाहरण स्वरूप—"चूल्हा देख कर जलाना," और "पानी छान कर पीना" यह सावद्य भाषा हुई, क्योंकि इसमें कार्य करने की आज्ञा दी गई है।

निरवद्य भाषा बोलने में पाप नहीं है। जैसे-'बिना देखे चलना नहीं चाहिये' या 'बिना छाना हुआ पानी नहीं पीना चाहिये'—यह भाषा निरवद्य है, क्योंकि इसमें कार्य्य करने की आज्ञा नहीं दी गई है, [illegible] पाप लगता है।

श्री दशवैकालिक सूत्र के सातवें अध्ययन की [illegible] गाथा में

१ [illegible] [illegible]

[illegible] १७ प्रकार की [illegible]

[illegible]

२— उद्देशिक — साधु को उद्देश कर, [illegible] आदि कुई १४ प्रकार की वस्तु उसको दे और साधु [illegible] भोगे तो दोष लगता है,

३ — पुती कर्म — अर्थात उपरोक्त दोष युक्त वस्तुओं का सारी शुद्ध वस्तु के साथ जरा भी मेल-मिलाप करे [illegible] और साधु उसको ले तो दोष लगता है ;

४ — थापित — अर्थात कोई वस्तु साधु के लिये ही स्थापित कर दी गई हो कि अमुक वस्तु साधु के लिये ही है, दूसरा कोई उसको उपभोग या काम मे नहीं लावे — इस प्रकार की वस्तु यदि कोई दे और साधु उसको ले तो दोष लगता है ,

५ — मिश्र — अर्थात सचित्त और अचित्त वस्तुओं को इकट्ठी कर के साधु को दे और साधु उसको ले तो दोष लगता है ,

६ — प्रोहण -- अर्थात आगे पीछे करके साधु को दे और वह उसको ले तो दोष लगता है ,

७ — कोई वस्तु अंधेरे मे हो और साधु को बहकाने के लिये उजाला करके वस्तु दे और साधु उसको ले तो दोष लगता है ,

१—साधु के लिये उद्देश करके अर्थात् साधु के निमित्त आरंभ कर के जो कोई आहार, पानी, वस्त्र, दवा, शय्या पाट, स्थानक या उपाश्रयादि १४ प्रकार की वस्तु बनाई हो, तो उनके भोगने से अणाचार लगता है,

२—साधु के वास्ते कोई वस्तु बिकती हुई लाकर दे तो उसको भोगने से अणाचार लगता है;

३—जिस घर के आहार, पानी, पहले दिन वहरे (ग्रहण किए) हों उसी घर में अगर दूसरे दिन वहरे तो अणाचार लगता है;

४—आहार, पानी, वस्त्र, पात्र, वगैरह गृहस्थ सामने आकर दे और साधु यदि उनको भोगे तो अणाचार लगता है;

५—रात में आहार, पानी का भोग करे तो अनाचार लगता है,

[illegible] स्नान करे अर्थात् न्हावे तो अणाचार लगता है;

७—सुगन्धित पदार्थ—जैसे इत्र, तेल, फूल, आदि भोगे [illegible] अणाचार लगता है,

[illegible] फूल आदि की माला का भोग करे तो अणाचार लगता [illegible]

[illegible] हवा [illegible] के लिए अगर पंखा हिलावे तो अणाचार [illegible],

१३---सदाव्रत, दानशाला, धर्मादा वगैरह के आहार, पानी, व वगैरह कोई भी वस्तु ले तो अनाचार लगता है ;

१४--शरीर पर तेल वगैरह लगावे तो अनाचार लगता है; (कारणवश छूट समझना चाहिए)

१५--दांत साफ करे तो अनाचार लगता है; (कारणवश छूट)

१६--गृहस्थ को सुख-शाता पूछे तो अनाचार लगता है ;

१७--आरसी अर्थात् काच में मुंह देखे तो अनाचार लगता है,

१८--जूआ खेले तो अनाचार लगता है ;

१९--चौपड़, तास, वगैरह खेले तो अनाचार लगता है ;

२०--मस्तक पर छत्र रखे तो अनाचार लगता है ;

२१--वैद्यकी करे अर्थात् रोगादि पर गृहस्थ को गोली, चूर्ण वगैरह औषधि बतावे तो दोष लगता है ;

२२--पैरों में बूट वगैरह पहने तो अनाचार लगता है ;

२३---अग्नि का आरम्भ समारम्भ करे तो अनाचार लगता है ;

२४---जिसके मकान में उतरे हों, उस घर-स्वामी के घर का आहार, पानी, दवा, वगैरह ले तो अनाचार लगता है ;

२५---गृहस्थ के आसन, पलंग वगैरह पर बैठे तो अनाचार लगता है,

२६---रोगी, तपस्वी, दुर्बल, अर्थात् अशक्त इन तीन के सिवाय

[illegible] है। [illegible]-सूत्र [illegible], [illegible], ३ अध्ययन, ८ [illegible] के [illegible] [illegible] [illegible] में [illegible] [illegible] से [illegible] कहे गये।

४८—बिना कारण रेच अर्थात् जुलाब ले तो अनाचार लगता है;

४९—बिना कारण आँख में काजल, अंजन, सुरमा वगैरह आँजे तो अनाचार लगता है ;

५०—दातुन करे या मस्सी से रंग करे तो अनाचार लगता है ;

५१—तेलादि से शरीर का मर्दन करे तो अनाचार लगता है; और

५२—शरीर की शुश्रूषा करे तो अनाचार लगता है।

उपरोक्त दोष टाल कर आहार पानी ग्रहण करने वाले साधु और इस प्रमाण से देने वाले गृहस्थ—दोनों की भगवान् ने शुद्ध गति बतलाई है (शास्त्र-सूत्र दशवैकालिक, अध्ययन ५, उद्देश्य १, गाथा १००)। शुद्ध गति के इच्छुक शुद्ध साधुओं को शुद्ध निर्दोष आहार-पानी लेना चाहिये और समझदार श्रावक को उसी माफिक देना अथवा बहराना चाहिये, क्योंकि अशुद्ध आहार आदि लेने वाले और देने वाले दोनों को प्रभु ने महा दुःख का होना बतलाया है।

पहले, अशुद्ध आहार लेने वाले की क्या दशा होती है, वह सूत्र शास्त्र के साथ नीचे लिखा जाता है:—

उत्तराध्ययन सूत्र के २० वें अध्ययन की ४७ वीं गाथा में कहा है कि उद्देशिक अर्थात् जो साधु का लक्ष्य रख कर बनवाई हुई हो वह या साधु के वास्ते ही बिकती हुई कोई वस्तु मोल ली गई हो वह या नित्यपिण्ड अर्थात् नित्य-प्रति एक ही घर का आहार-पानी लेना वह इत्यादि दोषों में से अगर कोई भी दोष वाली वस्तु साधु ग्रहण करे तो वह साधु अग्नि की तरह सर्वभक्षी है और वह मरने के बाद दुर्गति में जाता है।

अल्प आयुष्य को बांधता है, इस प्रकार ठाणांग सूत्र के तीसरे ठाणे में कहा है। और भगवती सूत्र श० ५ उद्देश ६ में अल्प उत्कृष्ट आयुष्य (अर्थात ४८ मिनिट में ६५५३६ बार जन्मे और मरे वह) बांधता है इत्यादि अनेक ही स्थलों पर अशुद्ध आहार, पानी वगैरह १४ प्रकार के दान देने वालों की बहुत दुर्दशा होने का वर्णन है। इसलिये देने वाले दातारों को अपने लिये बनाई हुई वस्तु में से यथाशक्ति संतोष करके ध्यानपूर्वक बहराना या देना चाहिये, और मांगने वाले साधु को भी बहरते समय पूछ कर सब तरह से तपास कर लेना चाहिये। यही एषणा समिति है।

प्रश्न—किसी ग्राम में अगर श्रावकों के दो तीन घर ही हों, और वहां दस बीस साधु विहार करते हुए आए हों उस अवसर पर आधाकर्मी आहार पानी बहरना और सेवन करना चाहिये कि नहीं ?

उत्तर—पहले तो आने वाले साधु को पहले से ही जांच पड़ताल कर—विचार कर आना चाहिये। गांव में गोचरी के कल्पते घर कम हों, तो दो-दो तीन-तीन का साथ कर भिन्न भिन्न दिनों में आना चाहिये। लेकिन सब को एक साथ नहीं आना चाहिये। समझो कि किसी कारण से आना हुआ हो तो उस गांव के गृहस्थों को पहले ही सूचित कर देना चाहिये कि साधुओं के लिये कोई अधिक चीज नहीं बनानी चाहिये क्योंकि साधु के लिये बनाई हुई वस्तु बहरने या भोगने का उनको पच्चक्खाण है। इतने पर भी अगर तुम बनाओगे तो तुम्हारे घर का माल खोकर दुर्गति के अधिकारी होवोगे। इस तरह अशुद्ध आहार बहराने के अनुचित फल पहले ही बता देने

उच्चार पासवण समिति

प्रश्न—उच्चार पासवण समिति का क्या अर्थ होता है ?

उत्तर—उच्चार पासवण समिति अर्थात् जीवजन्तु, हरीलीलोतरी रहित जगहों में—निर्जीव जगह में बाधा के लिए—पेशाबादि के लिये जाना चाहिये और पीछे के प्रहर में जब दो घड़ी दिन बाकी रहे तो रात में परठने के लिये स्थान की पडिलेहणा कर ले। दिन में जहाँ एक वक्त तडका आवे ऐसी जगह में परठना चाहिये।

तीन गुप्तियाँ

मन गुप्ति

प्रश्न—मन गुप्ति का क्या अर्थ ?

उत्तर—मन गुप्ति अर्थात् सावद्य, सांसारिक काम में से मन गुप्त करना अर्थात् रोक कर रखना, परन्तु सांसारिक काम में मन की प्रवृत्ति नहीं करना, वह मन गुप्ति कहलाती है।

वचन गुप्ति

प्रश्न—वचन गुप्ति का अर्थ क्या होता है ?

उत्तर—वचन गुप्ति अर्थात् सावद्य वचन गोप कर रखना अर्थात् रोक कर रखना, किन्तु सावद्य पापकारी शब्द नहीं बोलना। इसका नाम वचन गुप्ति है।

काय गुप्ति

प्रश्न—काय गुप्ति का क्या अर्थ होता है ?

फर्माया है कि इक्कीस हजार वर्ष तक मेरा तीर्थ चलेगा। पुनः उत्तराध्ययन सूत्र के दशवें अध्ययन मे कहा है उसका भावार्थ यह है कि हे गोतम ! पाँचवें आरे के आत्मार्थी-भव्य-जीव होंगे, वे यह कहेंगे कि यह जिन मार्ग बहुत तीर्थंकर देवों द्वारा परूपित है, इसलिये अपने इस रास्तेपर चल कर अप्रमाद पूर्वक विचरण करें, ऐसा निश्चित कर के बहुत से जीव शुद्ध आचार पालकर आत्म-कल्याण करेंगे। अब इन ऊपर दिये हुए उदाहरणों से स्पष्ट रीति से यह सिद्ध होता है कि पाँचवें आरेके अन्त तक आत्मार्थीजीव होंगे और वे शुद्ध-साधुत्व का पालन करेंगे। तो फिर यह किस तरह कहा जा सकता है कि जमाने को लेकर सम्पूर्ण तरीके से साधुपना नहीं पाला जा सकता। पाठको ! जमाना तो अनादि कालसे बदल रहा है, पर उसको लेकर साधुत्व के पालन मे प्रभु ने कोई छूट नहीं रखी है अर्थात् कोई काल आश्रयी मर्यादा नहीं बाँधी है। अगर विचार कर देखा जाय तो शास्त्रकारों ने तो उल्टी सख्त मर्यादा बाँधी है। चौथे आरे मे २२ तीर्थङ्करों के साधुओं को चार महाव्रत पालन करने होते थे (स्त्री-त्याग और परिग्रह के त्याग को एक ही महाव्रत मे समझा जाता था), उसके बदले मे भगवान महावीर ने पाँच महाव्रत पालन करने की आज्ञा दी। पुनः २२ तीर्थङ्करों के साधुओं के पाँच वर्ण के वस्त्र काम मे आते थे। उसके बदले मे वीर प्रभु ने एक श्वेत वर्ण के ही वस्त्र का व्यवहार करने की साधुओंको आज्ञा दी। इत्यादि अनेक मर्यादाएँ चौथे आरे के साधुओं की अपेक्षा पंचम आरे के साधु के लिये विशेष

तो पालन करता ही नहीं है संयम पालने वाला तो शुद्ध आत्मा ही है। साधु के यदि शुद्ध-चारित्र पालने के परिणाम अथवा भाव होते तो आरा कुछ आडा नहीं आता, लेकिन जिसकी आत्मा में चारित्र पालन करने का भाव ही न हो उसके लिए तो आज के जमाने का नाम लेकर मुक्त होना और शिथिलाचारी बनना एक बहुत ही सहज बात है और यह उसके लिये मददकारी बहाना है। और जमाने के नाम पर इस प्रकार प्रचार करने से वर्तमान की कुछ भोली प्रजा विचारी मान भी लेती है कि अगर साधु महाराज चारित्र-पालन में ढीले चलते हैं तो यह कोई साधु महाराज का दोष नहीं, वरन यह जमाना ही ऐसा है। पर इस विषय में न्यायपूर्वक पूरी तरह विचार किया जाय तो नहीं पालन करने वाले के लिये जमाना बेचारा क्या करे? शुद्धचारित्र नहीं पालने वालों ने तो तीर्थङ्करों की मौजूदगी में भी शिथिलता चलाई है, जिसके उदाहरण निम्न प्रकार से हैं:—

(१) श्री आदिनाथ भगवान के कितनेक साधु शुरू में आहार-पानी न मिलने से शिथिलाचारी बन कर धर्म-पतित हो गये थे।

(२) श्री पार्श्वनाथ भगवान की २०६ साध्वियों (आर्याएं) साधुपने में हाथ-पैर वस्त्र आदि धोने के दोष लगा कर चारित्र-भञ्जक हो गई थीं। (शास्त्र-सूत्र, ज्ञाता, श्रुत स्कन्ध—२)

(३) पुन. गर्गाचार्य्य के शिष्य गलीहार गधे के समान अविनीत हुए थे। (शास्त्र-उत्तराध्ययन सूत्र, अध्ययन—२७)

(४) अरिष्ट नेमनाथ भगवान के समय में शैलकराज ऋषि शिथिलाचारी हो गये थे। (ज्ञाता-सूत्र, अध्ययन—५)

परीक्षा करनी चाहिये कि इस साधु की श्रद्धा, आचार शास्त्रोक्त प्रमाण से अखंड है या नहीं। जो अखण्ड रीति से पालन करने वाले हों तो, वे गुरु हैं; परन्तु जो ये अखंड चरित्र को पालन करने वाले न हों और मात्र फूटे हुये वर्तन की तरह हों तो समझदार मनुष्यों को उनको गुरु-रूप में मानना, पूजना या वन्दन करना नहीं चाहिये।

प्रश्न—पहले से धारण किये हुए गुरु किस प्रकार छोडे जा सकते हैं? चाहे वे शास्त्रोक्त प्रमाण से संयम न पालते हों और दूसरे साधु पालते हों तो भी गुरु तो वे ही माने जायेंगे कि जो परम्परा से अर्थात् बाप—दादाओं से चलते आये हों।

उत्तर—जो शास्त्रोक्त प्रमाण से नहीं चलते और शिथिलाचारी हैं उनको छोड देने मे जरा भी आपत्ति नहीं है। पहले के आत्मार्थी पुरुषों ने भी जिन गुरुओं को श्रद्धा और आचार में बुरा समझा, उनको छोड दिया था। उनके उदाहरण शास्त्रीय प्रमाण सहित निम्न प्रकार से हैं।(१) शकडाल पुत्र का गुरु गोशाला था। वह झूठा लगा, इसलिये उसको छोड़ कर शकडाल पुत्र ने श्रवण भगवान श्री महावीर प्रभु को गुरु रूप मे स्वीकार किया था।(शास्त्र-सूत्र, उपाशग दशाङ्ग, अध्ययन ७) (२) सुखदेव सन्यासी स्वयं एक हजार चेलों का गुरु था। उसने भी स्थावरचा पुत्र साधु के साथ चर्चा की और उनको धर्म गुरु के रूप मे स्वीकार किया और उनके पास दीक्षा भी ली (शास्त्र-सूत्र ज्ञाता, अध्ययन ५) इत्यादि शास्त्रों मे अनेक उदाहरण हैं, उनको ध्यान मे रख कर विचार करने से तो समझदार मनुष्य,

